कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय परिसर, जौनपुर।

कार्यालय विज्ञप्ति

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र सं0 2820/एसएलएसए-23/2016 दिनांक जुलाई 08, 2024 के निर्देशानुसार स्थायी लोक अदालत हेतु एक आशुलिपिक जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट के 65 वर्ष से कम आयु के सेवा निवृत्त कर्मियों को अधिकतम 2 वर्ष के लिये निर्धारित मानदेय पर अनुबन्ध के आधार पर कार्य लिये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

विवरण:-

क0सं0	पद का नाम	पद संख्या	वेतनमान/मानदेय
01	आशुलिपिक	01	जिला न्यायालय अथवा कलेक्ट्रेट न्यायालय के सेवा निवृत्त कर्मचारियों को एक निर्धारित मानदेय रू0 9,000/- प्रतिमाह पर अनुबन्धित कर कार्य लिया जायेगा।

उक्त परिपेक्ष्य में एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त पदों पर कार्य करने के इच्छुक आवेदक आवश्यक विवरणों की प्रवृष्टि के साथ एवं पूर्व कार्यालय जहाँ से सेवा निवृत्त है, सेवा निवृत्ति प्रमाण सहित अपने आवेदन पत्र दिनांक 28.08.2024 की सायं 05:00 बजे तक कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीवानी न्यायालय परिसर, जौनपुर में जमा कर सकते है अथवा पंजीकृत डाक से प्रेषित कर सकते है। उक्त तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

(प्रशांत कुमार सिंह)
सचिव, जि0वि0से0प्रा0/सदस्य
चयन समिति, जौनपुर।
08.08.2024

(लालचन्द्र गुप्ता)
अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत/सदस्य
चयन समिति, जौनपुर।
08.08.2024

(वाणी रंजन अग्रवाल)
जनपद न्यायाधीश/सदस्य चयन
समिति जनपद न्यायालय, जौनपुर।
08.08.2024

प्रतिलिपि:-

01-जिलाधिकारी जौनपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कलेक्ट्रेट व अधीनस्थ तहसीलों के नोटिस बोर्ड पर उक्त विज्ञप्ति को चस्पा कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।

02-नोडल अधिकारी कम्प्यूटर, जनपद न्यायालय जौनपुर को उक्त विज्ञप्ति व आवेदन का प्रारूप जनपद न्यायालय जौनपुर की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

03-जिला सूचना अधिकारी जौनपुर को सम्बन्धित विज्ञप्ति को दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु प्रेषित।

04-केन्द्रीय नाजिर जनपद न्यायालय जौनपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वह विज्ञप्ति नोटिस बोर्ड पर चस्पा करायें।

सचिव, जि0वि0से0प्रा0/सदस्य
चयन समिति, जौनपुर।

अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत/सदस्य
चयन समिति, जौनपुर।

जनपद न्यायाधीश/सदस्य चयन
समिति जनपद न्यायालय, जौनपुर।

Scanned with OKEN Scanner